**गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी):** (क) जी नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

**Killings of Minorities in Kashmir**

2342. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether at least 23 persons belonging to minoriities in Kashmir, including children, were gunned down in the valley on the 49th Republic day in Vandhama village of Ganderbal;

(b) if so, what steps have, so far, been taken to apprehend the culprits, and with what success; and

(c) the identity of these miscreants or militants?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The State Government through their police and security forces are launching continuous operations to nab the culprits involved in the various terrorist related incidents including the Vandhama incident. So for no report has been received from the State Government about the identity of the culprits involved in the incident.

**Deployment of Rashtriya Rifles in North-Eastern States**

2343. SHRI NARENDRA MOHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government aware of the claim made by Director-General of Rashtriya Rifles that situation in insurgency-hit areas, especially in North, has improved and there will not be further expansion of this force;

(b) whether Government are proposing to deploy Rashtriya Rifles more vigorously in North-Eastern States to tackle insurgency; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) to (c) Information is being collected from the concerned Ministry and will be laid on the Table of the House.

**पुलिस अधिकारियों द्वारा षड़यंत्र**

2344. **श्री रामजी लाल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दिनांक 2 अप्रैल, 1997 के "दैनिक जागरण" में "पुलिस की कहानी को मनगढ़न्त बताया" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन प्रकरणों में षड़यंत्र करने के लिए आरोपित पुलिस अधिकारियों के बारे में स्वतंत्र एजेन्सी द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराई है;

(ग) क्या यह सच है कि इन अधिकारियों ने कथित मुठभेड़ में पहले भी लोगों को मारा था जैसाकि समाचार-पत्र में खबर छपी है; और

(घ) क्या सरकार उपर्युक्त समाचार की प्रामाणिकता की पुष्टि करेगी?

**गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी):** (क) से (घ) जी हां, श्रीमान्। कनाट प्लेस गोलीकाण्ड मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरों द्वारा की गयी जांच के आधार पर, दिल्ली पुलिस के 10 कर्मियों के विरुद्ध 13 जून, 1997 को न्यायालय में एक आरोप-पत्र दाखिल किया गया था।

इनमें से, एक के सिवाय और कोई भी पुलिस कर्मी पहले किसी मुठभेड़ में शामिल नहीं था। तथापि, इस प्रकार की पहले हुई मुठभेड़ों की संख्या केवल एक है, और न कि दो, जैसा कि उक्त शीर्षकाधीन समाचार में दिया गया है।

**स्वतंत्रता सेनानी पेंशन**

2345. **श्री रामजी लाल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य में कुल कितने स्वतंत्रता सेनानी है;

(ख) उनमें से कितने स्वतंत्रता सेनानी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं तथा उन्हें दी जा रही अन्य सहायता एवं सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;